प्रेस नोट
*जनपद – संतकबीरनगर *
दिनाँक 16.02.2026

शान्ति भंग (170/126/135 बीएनएसएस) में 04 अभियुक्त गिरफ्तार

थाना धनघटा पुलिस द्वारा 170/126/135 बीएनएसएस में 02 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया ।*
थाना मेंहदावल पुलिस द्वारा 170/126/135 बीएनएसएस में 02 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया ।*

पीआरवी आफ द डे

पीआरवी 7669 द्वारा पारिवारिक विवाद के कारण आत्महत्या का प्रयास कर रही महिला को सकुशल बचाया गया –

पीआरवी 7669 को थाना धनघटा क्षेत्रांतर्गत भरवलिया माफी से कालर द्वारा आत्म हत्या प्रयास कर रही 01 महिला (01.रोशनी पाण्डेय पत्नी आनन्द पाण्डेय निवासी भरवलिया माफी थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर) के सम्बन्ध में सूचना दिया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा त्वरित गति से घटनास्थल पर पहुँचकर मौके पर पंखे की कुण्डी से फन्दा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या की कोशिश कर रही महिला को पीआरवी कर्मियों द्वारा दरवाजा तोड़कर सकुशल बचा लिया गया । घटना के संबंध में थाना धनघटा को अवगत कराया । पीआरवी कर्मियों की सतर्कता व सूझबूझ से घटनास्थल पर तत्परता से पहुँचकर आत्महत्या का प्रयास कर रही महिला को अविलम्ब बचाया गया । जिसकी स्थानीय व्यक्तियों द्वारा सराहना की गयी ।
पीआरवी स्टाफ- का0 गौरव पाण्डेय, हो0चा0 वकिल पाण्डेय ।

मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 80 वाहनों से 83,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया

आज दिनाँक 16.02.2026 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रों में बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 80 वाहनों से 83,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया ।

पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर के निर्देशन में संतकबीरनगर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए गुम हुए बालक को बरामद कर परिजनों को किया गया सुपुर्द

पुलिस अधीक्षक जनपद संतकबीरनगर ***श्री संदीप कुमार मीना*** के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सुशील कुमार सिंह*** के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद ***श्री अमित कुमार*** के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद ***श्री जयप्रकाश दुबे*** के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा दिनाँक 16.02.2026 को कार्यवाही करते हुए गुम हुए बालक को बरामद कर उसके मामा को सुपुर्द किया गया ।

विदित हो कि दिनांक 14.02.2026 को थाना कोतवाली खलीलाबाद पर गौसपुर स्थित किराये के कमरे से के बालक उम्र 14 वर्ष के दिनांक 12.02.2026 को समय 16.00 बजे के करीब गायब हो जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ तथा कमरे से एक प्रार्थना पत्र मिला जिसमे लड़के ने लिखा था कि मै अब पढ़ नही पाउँगा मै कमाने के लिए बम्बई जा रहा हूँ। उक्त प्रार्थना पत्र की जाँच के क्रम में दिनांक 16.02.2026 को उक्त लड़के को थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस, एसओजी टीम व सर्विलास टीम ने साथ मिलकर लड़के को उसके मामा के घर ग्राम रक्शा थाना मेहदावल से सकुशल बरामद कर लड़के पिता को सुपुर्द किया ।
बरामदगी करने वाले पुलिस बल का विवरणः- 1. उ0नि0 धर्मनाथ यादव, .का बलराम यादव थाना कोतवाली खलीलाबाद ।
2. एसओजी टीम का0शिवम सिंह, का अरुण मद्धेशिया ।
3. सर्विलांस टीम का0 ज्ञान सिंह ।